चॉकलेट वैक्स से स्किन होगी बहुत सॉफ्ट और चमकदार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हाथ-पैर पर अनचाहे बाल आपके लुक को बिल्कुल खराब कर सकते हैं। इन दिनों ज्यादातर महिलाएं चॉकलेट वैक्स ही करवाना पसंद करती हैं। नॉर्मल वैक्स से यह थोड़ा महंगा होता है, लेकिन इसका असर काफी अधिक रहता है। आइए जानते हैं इस वैक्स के फायदे...

पूरी तरह से स्किन साफ दिखती है

चॉकलेट वैक्स में कुछ तत्व कोकीन का भी होता है, इसके कारण स्किन के डेड सेल पूरी तरह से निकल जाते हैं। नॉर्मल वैक्स की तुलना में चॉकलेट वैक्स के बाद स्किन बहुत साफ और कोमल नजर आती है।

ग्रोथ देरी से होती है

नॉर्मल वैक्स के बाद कई बार ऐसा होता है कि एक-दो दिन बाद से ही हल्के बाल दिखने लगते हैं। चॉकलेट वैक्स स्किन में मौजूद छोटे से छोटे बाल भी निकाल देती है और बालों की ग्रोथ भी काफी दिनों बाद आती है।

स्किन लगती है सॉफ्ट

चॉकलेट वैक्स से डेड सेल पूरी तरह से रिमूव हो जाते हैं इस कारण से स्किन बहुत सॉफ्ट और चमकदार लगने लगती है। इस वैक्स के बाद त्वचा की कोमलता पहले से काफी बढ़ जाती है।



इन ट्रेंडिंग मोजरी के सामने भूल जाएंगी हाई हील्स

Rajasthani Work Party wear Mojari

Rajasthani Eathnik mojari



Jaipuri work Mojari

Leather Mojari

Eathnik Multicolored Mojari

समय के साथ लोगों की पसंद में भी काफी बदलाव आ रहा है। लोग अब वेस्टर्न वेअर की अपेक्षा एथनिक वेअर की तरफ ज्यादा अट्रैक्ट हो रहे हैं। अगर बात फुटवेअर की करें तब तो इस मामले में लोगों की पसंद काफी बदल रही है। पहले जहां हाई हील्स और स्टेलेटोज ही ट्रेंड में रहते थे वहीं आजकल महिलाओं के बीच मोजरी जिसे डिजाइनर जूती भी कहते हैं काफी पसंद की जा रही है। खासकर शादी के इस सीजन में बाजार में आई नई मोजरियां गर्ल्स और लेडीज का काफी ध्यान खींच रही हैं। यहां हम आपको ऐसी मोजरी के बारे में बता रहे हैं जिन्हें देखकर आप हाई हील्स को भूल जाएंगी।

राजस्थानी वर्क पार्टी वेअर मोजरी

खूबसूरत और क्लासिक इम्ब्रॉइडरी वर्क वाली ये मोजरी आपको बहुत पसंद आएगी। इसे आप किसी भी एथनिक ड्रेस के साथ पेयर कर सकती हैं। ये मोजरी आपको ऑनलाइन या मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। ये आपके बजट के हिसाब से भी काफी सस्ती है।

लेदर मोजरी

इस समय लेदर मोजरी भी काफी ट्रेंड में है और महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी है। आप इसे पार्टी के साथ कैजुअली भी पहन सकती हैं। ये मोजरी ज्यादातर ब्राउन रंग में उपलब्ध है जो आपको काफी एलिगेंट लुक देती है। नई-नवेली दुल्हन दीपिका पादुकोण भी शादी के बाद इसी मोजरी को पहने नजर आई थीं।

एथनिक मल्टीकलर्ड मोजरी

ये मोजरी आपको वेलवेट और कॉटन दोनों मटीरियल में मिल जाएगी। इस मोजरी की सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे किसी भी कलर की ड्रेस के साथ पहन सकती हैं क्योंकि ये मल्टीकलर्ड होती है। ये मोजरी आपको एक देसी लुक देगी।

राजस्थानी सिंथेटिक मोजरी

ये सिंथेटिक मोजरी देखने में काफी ब्राइट और खूबसूरत है। आप इसे किसी भी ट्रेडिशनल मौके या त्योहार पर पहन सकती हैं। हम भरोसे के साथ कह सकते हैं कि लोगों की नजर आपकी मोजरी से नहीं हटेगी। ये मोजरी आकर्षक होने के साथ-साथ काफी टिकाऊ भी है।

जयपुरी वर्क मोजरी

अगर आपको कम बजट में एथनिक मोजरी चाहिए तो ऐसे में जयपुरी मोजरी एक परफेक्ट ऑप्शन है। इस पर बारीकी से किया गया एम्ब्रॉइडरी वर्क काफी अलग और खूबसूरत होता है। ये मोजरी केवल देखने में खूबसूरत नहीं है बल्कि काफी आरामदायक भी होती है।

ठंड से बचाएंगे ये 5 फैशनेबल बूट्स

सर्दी का मौसम आ चुका है इस समय ठंड से बचने की खास जरूरत होती है लेकिन इस चक्कर में स्टाइलिश लुक को मेन्टेन करना काफी मुश्किल होता है। हम यहां आपको 5 ऐसे बूट्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको ठंड से भी बचाएंगे और आपको फैशन से भी कॉम्प्रोमाइज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ऐंकल बूट्स

हर लड़की बूट्स जरूर रखना चाहती है क्योंकि ये सभी का फेवरिट फुटवेअर होता है। अगर आपको हाई हिल्स नहीं पसंद हैं तो ऐसे में आप ऐंकल बूट्स ट्राई कर सकती हैं ये न केवल आपको ठंड से बचाता है बल्कि आपको एक स्टाइलिश लुक भी देता है। इसमें कई सारे डिजाइन्स उपलब्ध हैं। आप ग्लिटर बूट्स को अपने पार्टी आउटफिट के साथ पेयर कर पार्टी इंजॉय कर सकती हैं।

मोटो बूट्स

मोटो बूट्स आपको एक रेग्युलर मॉर्डन लुक देता है। ये देखने में काफी स्टाइलिश लगता है। हम अक्सर बॉलीवुड सिलेब्रिटीज को इस लुक में देख सकते हैं। इसलिए इस सर्दी मोटो बूट्स का एक पेयर खरीद कर खुद को एक डिफरेंट लुक दें।

पीप टो बूटीज

पीप टो बूटीज बाकि बूटीज से काफी अलग और आकर्षक है। इन बूटीज की सबसे खास बात ये है कि आप इसे विंटर के साथ-साथ समर में भी पहन सकती हैं। इस अल्ट्रा एजी और हाई ग्लैम बूटीज को आप पार्टी ड्रेस के साथ-साथ स्किनी जींस के साथ भी पहन सकती हैं। ये आपको एक ग्लैमरस लुक देगा।

थाई हाई बूट्स

इस ओवर-द-नी बूट्स से आप बोरिंग आउटफिट को भी काफी मजेदार बना सकती हैं। चाहे ये बूट्स स्वेड के हो या लेदर के दोनों ही काफी अच्छे लगते हैं। ब्लॉक हिल्स या फ्लैट सोल.. हर तरह के थाई हाई बूट्स आकर्षक लगते हैं।

राइडिंग बूट्स

बाकी बूट्स की तरह राइडिंग बूट्स देखने में सिर्फ अच्छे नहीं लगते हैं बल्कि काफी आरामदायक भी होते हैं। बी-टाउन की सिलेब्रिटीज अक्सर इन स्टाइलिस बूट्स में दिख जाती हैं। ये ठंड के लिए सबसे अच्छा विकल्प है।